हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

11 जिलेभर के स्कूल-कॉलेजों में धूमधाम से मनाया ...


12 5 साल तक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का 85.90 ...


## खबर संक्षेप

### फार्मास्यूटिकल साइंसेज की पीएचडी की प्रवेश परीक्षा रद्द

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में गत 10 नवंबर को आयोजित फार्मास्यूटिकल साइंसेज की पीएचडी की प्रवेश परीक्षा रद्द कर दी गई है, अब 22 नवंबर को इसे दोबारा आयोजित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पहले वाले ही रहेंगे और प्रवेश परीक्षा 21 नवंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक फार्मेसी विभाग में आयोजित की जाएगी।

### 11 छात्रों को साइकिल खरीद के लिए पैसा दिया

**रोहतक।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मेरी पसंद, मेरी साइकिल योजना के तहत जिला में 11 विद्यार्थियों को साइकिल खरीद के लिए धनराशि दी गई। मेरी पसंद, मेरी साइकिल योजना के तहत स्थानीय भिवानी रोड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइकिल मेला लगाया गया। इस मेले में रोहतक खंड के 9 तथा कलानौर खंड के 2 विद्यार्थियों को साइकिल खरीद के लिए धनराशि दी गई।

### अब तक 77166 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला की मंडियों में अब तक 77166.98 मीट्रिक टन धान तथा 5634.40 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है। महम मंडी में अब तक 17760.5 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में अब तक 5723.8 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। अब तक जिला की मंडियों में 5634.40 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है।

### जीरो पीरियड पर दें ध्यानः सुमन हुड्डा

**सांपला।** निपुण मिशन के तहत शुक्रवार को राजकीय संस्कृति माडल स्कूल में मीटिंग हुई। जिसमें सभी स्कूल मुखिया शामिल हुए। अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा ने कहा कि प्राथमिक कक्षाओं में जीरो पीरियड पर फोक्स किया जाए। सभी से स्कूल की रिपोर्ट ली गई। उन्होंने कहा कि निपुण का मुख्य लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चा निर्धारित कक्षा के अनुसार पढ़ें।

### प्रदर्शनी में कॉलेज की 25 वर्ष की सफलता दर्शाई

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को प्रदर्शनी गैलरी लगाई गई। कॉलेज की 25 वर्ष की शैक्षणिक संस्कृति के सामाजिक उपलब्धियां माडल, चित्रकला, हस्तकला आदि से दर्शीई गई। मुख्य अतिथि डीएसपी राकेश मलिक रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी केवल प्रतिभाओं को एक मंच देती है, बल्कि छात्राओं में रचनात्मक, आत्मविश्वास और नवाचार की भावना को भी बढ़ावा देती है।

### चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात को सुलझाते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सुल्तानपुरी, दिल्ली निवासी संजीव की शिकायत पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था।

### पेराई सत्र शुरू करवाने के लिए किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** भाली आनंदपुर शुगर मिल पेराई सत्र शुरू करवाने के लिए शुक्रवार को किसानों ने मिल परिसर में मीटिंग की। इस मौके पर गन्ने के रेट में और बढ़ोतरी करने की मांग की। बैठक के बाद मिल एमडी के नाम चीफ इंजीनियर,और पीए को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर किसानों ने अभी तक पेराई प्रारंभ न होने पर रोष प्रकट किया। मौके पर किसान सभा के महा सचिव सुमित दलाल मौजूद रहे।

## कलानौर के व्यापारियों में बदमाशों की दहशत, एसपी से की मुलाकात

# पहले करते थे पैसे की मांग, अब साथ में मांगने लगे हैं सोना, जान को भी खतरा

### दुकान पर आकर ज्वेलर्स को धमकी देने का मामला गर्माया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कलानौर क्षेत्र में ज्वैलर्स को धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। कुछ बदमाशों पर ज्वैलर्स से गहने बनाने का दबाव डालने, सोना और नकद मांगने तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। बढ़ते भय और तनाव के बीच पीड़ित ज्वैलर्स ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

#### मिल रही धमकियां

पीड़ित ज्वैलर्स विनोद सोनी ने बताया कि उनकी दुकान राम ज्वैलर्स नाम से बाजार में स्थित है। दुकान के पड़ोस में रहने वाले एक परिवार के सदस्य, विशेषकर उसका बेटा तुषार और रीटा, अक्सर दुकान पर आकर नाजायज मांगें करते रहते हैं। कभी उधार में गहने बनाने को कहते



हैं तो कभी बिना कारण पैसे मांगते हैं। जब भी रकम मांगने या उधारी से इंकार किया जाता है, आरोपी झगड़ा करने लगते हैं और दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। विनोद सोनी का कहना है कि तुषार बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है और पिछले कुछ समय से लगातार धमकियां दे रहा है। उसने खुलेआम कहा कि पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। इस व्यवहार ने ज्वैलर्स और उसके परिवार को भयभीत कर रखा है।

#### 13 नवंबर को मांगे 5 हजार रुपये और 5 ग्राम सोना

पीड़ित के अनुसार 13 नवंबर दोपहर को तुषार और रीटा दुकान पर आए। आते ही उन्होंने 5 हजार रुपये और 5 ग्राम सोना मांगना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से ज्वैलर्स अत्यधिक तनाव में है और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित है।

#### घटना सीसीटीवी में कैद

विनोद सोनी ने बताया कि धमकी देने की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। आरोपियों के पास अवैध हथियार होने की आशंका भी जताई गई है। उन्होंने बताया कि धमकी मिलने के बाद वह पूरी रात सो नहीं पाए और सुबह सबसे पहले एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

#### एसपी ने दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन

मामले पर एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि ज्वैलर्स की तरफ से धमकी मिलने की शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 10 से 15 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली

**रोहतक।** स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम कुमार चौहान ने बताया कि आगामी 10 से 15 दिसंबर तक स्थानीय राजीव गांधी खेल स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न पदों के लिए भर्ती होगी।कर्नल गौतम कुमार चौहान ने बताया कि इस अग्निवीर भर्ती रैली में अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास व अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास के पदों पर भर्ती आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रवेश परीक्षा पास करने वाले तथा भर्ती रैली के लिए चुने गए सभी उम्मीदवार 14 नवम्बर से भर्ती रैली के लिए अपने यूजर नेम एवं पासवर्ड की सहायता से भारतीय सेना की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। भर्ती निदेशक ने बताया कि उम्मीदवार किसी भी दलाल के बहकावे में न आए। सेना में भर्ती निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से की जाती है। सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही नामांकित किया जाता है। कोई भी बाहरी व्यक्ति इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता : 7 दिन से फरार थे आरोपी, आईएमटी एरिया में चली गोलियां

# बलियाना के बाप-बेटे के हत्यारों का एनकाउंटर, मुख्य आरोपी को पैर में गोली लगी, दो साथी भी गिरफ्तार

### आरोपी एक युवक की हत्या करने की फिराक में थे

*हत्या में वांछित तीनों आरोपी सुबह करीब 5 बजे आईएमटी क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उन्हें घेरने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी संजय के पैर में गोली लगी।*




हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले के गांव बलियाना में हुए बहुचर्चित बाप-बेटा हत्याकांड में पुलिस और बदमाशों के बीच फिल्मी स्टाइल में मुठभेड हुई। घटना के 6 दिन बाद सीआईए टीम और पुलिस स्टाफ ने मुख्य आरोपी संजय तथा उसके दो साथियों वीरेंद्र और रोहित को आईएमटी क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान काबू कर लिया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि हत्या में वांछित तीनों आरोपी सुबह करीब 5 बजे आईएमटी क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उन्हें घेरने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें मुख्य आरोपी संजय के पैर में गोली लगी। दो अन्य आरोपी भागने की कोशिश में घायल हो गए। आरोपी युवक की और हत्या करने की फिराक में थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद तीनों को पुलिस ने काबू करके पीजीआई में भर्ती करवाया। एसएफएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया भी मौके पर पहुंची और सबूत एकत्रित किए।





रोहतक। मौके पर जांच करतीं एसएफएल टीम डॉ. सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।





पीजीआई में उपचाराधीन आरोपित। फोटो : हरिभूमि

#### बलियाना में 7 नवंबर को हुआ था डबल मर्डर

7 नवंबर को गांव बलियाना निवासी धर्मबीर और उसके बेटे दीपक की उनके ही गांव के युवकों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। वारदात दो जगहों पर हुई-पहले दीपक को चौकीदार सूरजभान के घर में नाम पूछकर गोली मारी गई, फिर हमलावर उसके घर पहुंचे और पिता धर्मबीर को आंगन में मार गिराया। दीपक उस समय अपने दोस्तों के साथ बैठक में बैठा था। हमलावर आए और बिना किसी बहस के उसके पिता का नाम पूछा और सीने में गोली उतार दी। दीपक वहीं ढेर हो गया। इस वारदात के तुरंत बाद हमलावर धर्मबीर के घर जा पहुंचे और उसे आंगन में गोलियों से छलनी कर दिया। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी।

#### सूचना के आधार पर आईएमटी पहुंची पुलिस

शुक्रवार को एसपी सुरेंद्र भौरिया ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पुलिस के पास शुक्रवार तड़के सूचना आई कि डबल मर्डर में शामिल तीन आरोपी आईएमटी क्षेत्र में देखे गए हैं। सीआईए-1 टीम मौके पर पहुंची और तीनों को रोकने की कोशिश की। तभी संजय ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई और उसे घायल कर दिया। उसके साथी वीरेंद्र और रोहित भागने के दौरान गिर पड़े, जिससे उनके पैर और घुटनों में चोटें आईं। पुलिस ने तीनों को काबू कर लिया।

#### 2023 में हुई हत्या के बदले में ली थी दो लोगों की जान

2023 में धर्मबीर के बड़े बेटे सचिन उर्फ सागर पर गांव के दुकानदार जगबीर की हत्या का आरोप लगा था। सचिन इसी मामले में जेल में है। जगबीर का भाई संजय इसी रंजिश में बदला लेने के लिए मौके की तलाश में था। इसी वजह से उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पिता-पुत्र की हत्या की।

#### जेल में बंद सचिन की धमकी गांव में तनाव का माहौल

डबल मर्डर के बाद जेल में बंद सचिन को जब चिता दिखाकर अंतिम संस्कार कराया गया, तो उसने पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार धमकी दी ऐसा बदला लूंगा कि पूरा गांव देखता रह जाएगा। इसके बाद गांव में डर और तनाव का माहौल है। ग्रामीण खुले तौर पर कुछ नहीं बोल रहे, लेकिन दबी जुबान में भय जरूर व्यक्त कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि इस रंजिश का अगला पड़ाव और बड़ा हो सकता है।

#### मां ने 7-8 महीने पहले की थी सुसाइड

कुछ ग्रामीणों के अनुसार धर्मबीर और दीपक घर पर अकेले रहते थे। धर्मबीर पेंटर था और दीपक आईएमटी की एक कंपनी में काम करता था। दीपक की बड़ी बहन ने लव मैरिज की थी, जिससे घर में तनाव था। इसी बात से परेशान होकर दीपक की मां ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।

## स्वस्छता की मुहिम | कूड़ा प्रबंधन को लेकर नगर निगम गंभीर, संस्थानों को नियमों की पालन की हिदायत

# होटल, ढाबों, बैंक्वेट हॉल और बड़े संस्थानों को स्वयं करना होगा कचरे निस्तारणः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को बल्क वेस्ट जनरेटर जैसे होटल, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज एवं बड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा व विशेष अधिकारी स्वच्छता प्रदीप कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए यह सुनिश्चित करें कि किसी भी होटल, ढाबे, बैंक्वेट हॉल या अन्य बड़े संस्थान द्वारा सड़क पर कूड़ा न फेंका जाए।

उन्हें अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर बड़े आकार के डस्टबिन अवश्य रखने को भी कहा गया, जिससे कूड़ा सड़कों पर न फैले और शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके।



रोहतक। बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज एवं बड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते विशेष अधिकारी स्वच्छता प्रदीप कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

#### निगम ने शहरवासियों से की अपील

नगर निगम ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में निगम का सहयोग करें और अपने घर, दुकान या संस्थान के बाहर डस्टबिन अवश्य रखें। निगम अधिकारियों ने कहा कि डस्टबिन न होने पर कूड़ा इधर-उधर फेंका जाता है, जिससे गंदगी फैलती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी प्राथमिकता बनाएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार और सचिन, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़, सहायक सफाई निरीक्षक नरेन्द्र, परमजीत, सुमित फौगाट, कृष्ण लाल, प्रदीप कुमार और संदीप राठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### बड़े डस्टबिन लगेंगे

बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि नियमों के अनुसार सभी बुल्क वेस्ट जनरेटर को अपने स्तर पर कचरे का उचित निस्तारण करना अनिवार्य है। इसके लिए वे या तो स्वयं कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करें या किसी अधिकृत तृतीय एजेंसी से इसका निस्तारण करवाएं। विशेष अधिकारी स्वच्छता प्रदीप कौशिक ने कहा कि बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने बड़े डस्टबिन लगाने पर सहमति जताई है और जल्द ही वे कचरा निस्तारण संबंधी विवरण भी लिखित में नगर निगम को प्रदान करेंगे। सभी ने यह आश्वासन भी दिया कि अब सड़कों पर कूड़ा नहीं डाला जाएगा। यदि कोई संस्था कूड़ा सड़क पर फेंकती पाई गई या गंदगी फैलाने की शिकायत मिली, तो नगर निगम कड़ी कार्रवाई करते हुए चालान जारी करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब सभी संस्थान अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नियमों का पालन करेंगे।

## शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की





**रोहतक।** हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ में टाउन एवं कंट्री प्लानिंग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्वा कुमार सिंह ने वर्चुअली समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की। उन्होंने जिला उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों की लम्बित व रि-ओपन हुई शिकायतों बारे चर्चा की तथा इन शिकातयों के शीघ्र निपटारे को कहा। उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने लघु सचिववालय स्थित सभागार में नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रवि खूंडिया, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की। उन्होंने समाधान शिविरों में लम्बित शिकायतों के साथ-साथ रि-ओपन हुई शिकायतों के निपटारे बारे मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य, नगर निगम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, विकास एवं पंचायत व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतो के निपटारे बारे निर्देश दिए।

## फर्स्ट एड और आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस (वाईआरसी) समिति द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र में कुल 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एस.सी. मलिक (डीन, एकेडमिक अफेयर्स) ने संबोधित करते हुए कहा कि हर छात्र को फर्स्ट एड का बुनियादी ज्ञान अवश्य होना चाहिए, क्योंकि ऐसी जागरूकता आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक सिद्ध होती है। उन्होंने इस प्रकार के मानवीय प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. बी. नरसिम्हन (निदेशक, आईक्यूएसी) ने कहा कि फर्स्ट एड केवल एक कौशल नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।


मानव मस्तिष्क लगभग 15 वाट पर संचालित होता है।


मकड़ी के रेशम का एक धागा इंसान के बाल से भी पतला होता है।

# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

## जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।


- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

## केवल कोडिंग सिखाना नहीं, तार्किक सोच में सक्षम बनाना उद्देश्य

# बी.टेक के बाद करियर के शानदार विकल्प डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित रोजगार

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## आधुनिक तकनीकों की गहन समझ करता प्रदान

बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (C, C++, Python, Java), डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है ताकि वे उद्योगों के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता कर सकते हैं हासिल**



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं। प्रमुख उच्च शिक्षा विकल्प हैं।

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन : अमेजन वेब सर्विस, माइक्रोसॉफ्ट अजोर, गूगल क्लाउड, सिस्को सीसीएनऐ, और कॉम्प टीए सिक्योरिटी

ये कोर्स विद्यार्थियों को उद्योग-उपयुक्त दक्षता, बेहतर वेतन और वैश्विक अवसर प्रदान करते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

*डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियाँ, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।*

**1. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग**
**पदनाम:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, ऐप डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, फुल स्टैक डेवलपर, ब्लॉकचैन डेवलपर, बैकेंड डेवलपर, फ्रॉटेंड डेवलपर

**2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग**
**पदनाम:** डाटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऐ आई रिसर्चर, डीप लर्निंग इंजीनियर, एनएलपि इंजीनियर, कंप्यूटर विज़न इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर

**3. साइबर सिक्योरिटी**
**पदनाम:** साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, एथिकल हैकर, नेटवर्क, सिक्योरिटी इंजीनियर, सिक्योरिटी कंसलटेंट, क्रिप्टोग्राफ़ी एक्सपर्ट, क्लाउड सिक्योरिटी इंजीनियर

**4. क्लाउड कंप्यूटिंग**
**पदनाम:** क्लाउड इंजीनियर, क्लाउड आर्किटेक्ट, डेव ऑपरेशनल इंजीनियर, क्लाउड सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, क्लाउड डाटा साइंटिस्ट

**5. डेटाबेस मैनेजमेंट**
**पदनाम:** डाटा इंजीनियर, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा मॉडलर

**6. सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एवं क्वालिटी अशोरेन्स**
**पदनाम:** ऑटोमेशन टेस्टर, टेस्ट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर

**7. टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और प्रोडक्ट मैनेजमेंट**
**पदनाम:** आई टी कंसलटेंट, बिज़नेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, सलूशन आर्किटेक्ट, टेक्निकल लीड, क्लाउड कंसलटेंट

### निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन

निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियां इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

***निष्कर्ष :*** *बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) केवल एक तकनीकी डिग्री नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य की कुंजी है। चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपर बनें, डेटा साइंटिस्ट या साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट -यह क्षेत्र निरंतर विकसित होता रहेगा। सही मार्गदर्शन, नवीन तकनीकी कौशल और लगन के साथ विद्यार्थी देश-विदेश दोनों में सफल करियर बना सकते हैं।*

## प्रमुख विशेषज्ञताएं

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग
- साइबर सिक्योरिटी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- डेटाबेस मैनेजमेंट
- नेटवर्क इंजीनियरिंग
- गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी

## आवश्यक कौशल

*कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में निम्नलिखित क्षमताओं का होना आवश्यक है।*

- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच प्रदान करना।
- समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता
- प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता
- डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ
- टीमवर्क, प्रोजेक्ट प्रबंधन और संवाद कौशल को विकसित करना।

*इन कौशलों से विद्यार्थी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों में रोजगार पाने के साथ-साथ स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।*

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

*सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।*

विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**मुख्य पदनाम:**
- आईटी अधिकारी राष्ट्रीयकृत बैंक
- सिस्टम एनालिस्ट सरकारी विभाग
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रक्षा एवं गृहमंत्रालय
- वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक एनआईसी, इसरो, डीआरडीओ
- डेटा एनालिस्ट- यूआईडीऐआई, एनआईसी, और अन्य ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट्स

**सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन** : 5 से 9 लाख वार्षिक होता है, जबकि अनुभव के साथ यह 15 लाख वार्षिक तक पहुँच सकता है। इसके साथ स्थायी नौकरी, पेंशन, और पदोन्नति के अवसर इसे अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## सुझाव

करियर चयन से पहले अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करें और किसी योग्य करियर सलाहकार से परामर्श लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विजिट कर सकते हैं।

# कैरियर को पैशन बनाओ, उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम को बेताब हो जाओ!



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्रों, सोचो – सुबह उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम के लिए बेताब हो जाओ! ये कोई ख्वाब नहीं, बल्कि सच तब बनता है जब तुम अपना कैरियर उस क्षेत्र में बनाते हो जिसे तुम दिलो-जान से प्यार करते हो। पैशन ही तुम्हारा काम बनेगी, और काम तुम्हारी स्किल को हर दिन चमकाएगा!

ये लेख खास तुम्हारे लिए है जो अभी पढ़ाई कर रहे हो, सपने बुन रहे हो। चलो, मिलकर देखें कैसे जिंदगी को सुपरहिट बना सकते हो!

**वोफील्ड चुनो जो तुम्हें 'वाह!' कहने पर मजबूर कर दे**

पढ़ाई के दौरान सब कहते हैं – इंजीनियर बनो, डॉक्टर बनो, MBA करो। अरे भाई, रुक जरा! क्या ये तुम्हारा दिल कहता है? नहीं तो छोड़ दो!

## गेमिंग में खो जाते हो? गेम डेवलपर बनो।

- ड्रॉइंग में समय भूल जाते हो? ग्राफिकडिजाइनर या आर्टिस्ट।
- कोडिंग का कीड़ा है? सॉफ्टवेयरडेवलपर।
- लोगों से बात करना पसंद? कंटेंटक्रिएटर, यूट्यूबर या पॉडकास्टर।
- नेचर में घूमना अच्छा लगता है? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एनवायरनमेंटलिस्ट या ट्रैवल ब्लॉगर।
- कहानियां गढ़ना मजेदार लगता है? स्क्रिप्टराइटर, नॉवेलिस्ट या कॉमिक बुक क्रिएटर।
- डांस में ताल मिलाते हो? कोरियोग्राफर, डांस इंस्ट्रक्टर या परफॉर्मिंगआर्टिस्ट।
- बिजनेसआइडिया दिमाग में घूमते हैं? स्टार्टअपफाउंडर, एंटरप्रेन्योर या ई-कॉमर्स ओनर।
- साइंसएक्सपेरिमेंट्स करते हो? डाटा साइंटिस्ट, रिसर्चर या बायोटेक इंजीनियर।
- खाना बनाना शौक है? शेफ, फूडब्लॉगर या फूडस्टार्टअपओनर।
- फिटनेस में मस्त रहते हो? जिमट्रेनर, योगाइंस्ट्रक्टर या स्पोर्ट्स कोच।
- किताबें पढ़ने का जुनून? एडिटर, लाइब्रेरियन या बुक रिव्यूअर।
- म्यूजिक में खो जाते हो? म्यूजिकप्रोड्यूसर, DJ या सिंगर।
- फैशन में रुचि? फैशनडिजाइनर, स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट।
- सोशलवर्क पसंद? NGO फाउंडर, सोशलवर्कर या कम्युनिटीऑर्गनाइजर।
- रोबोटिक्स का शौक? रोबोटिक्स इंजीनियर या ऑटोमेशनस्पेशलिस्ट।
- वीडियोएडिटिंग मजेदार लगती है? वीडियोएडिटर, व्लॉगर या शॉर्ट फिल्म मेकर।
- स्पेस में दिलचस्पी? एस्ट्रोनॉमर, स्पेस इंजी. या NASA रिसर्चर।
- एनिमल्स से प्यार? वेटरनरी डॉक्टर, पेट ट्रेनर या जू कीपर।
- ट्रैवल करना पसंद? ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड या एडवेंचरस्पोर्ट्सइंस्ट्रक्टर।
- पैशनवो है जो पैसे की फिक्र भुला दे। जब काम खेल जैसा लगे, तो सफलता खुद चली आएगी।
- एलनमस्कस्पेस में इसलिए सफल हैं क्योंकि रॉकेट्स उनकी पैशन हैं। तुम भी अपना 'रॉकेट' ढूंढो!

### आखिरी धमाका

## आज शुरू करो, कल किंग बनो!

छात्रों, कैरियर बोझ नहीं : तुम्हारी पैशन का खेल का मैदान है। उस फील्ड को चुनो जिसमें दिल धड़के, पैशन को काम बनाओ, स्किल पर रोज पसीना बहाओ। दुनिया बोलेगी, वाह, क्या जिंदगी जी रहा है!



**"ऑफ स्विच" बनाना सीखो**
काम के बाद फोन बंद!
शाम 7 बजे के बाद: लैपटॉप बंद, नोटिफिकेशन ऑफ।

**वीकेंडरूल:** शनिवार-रविवार को सिर्फ हॉबी या रेस्ट।
उदाहरण: कोडिंगपैशन है? हफ्ते में 5 दिन कोड करो, 2 दिन गिटार बजाओ या दोस्तों से मिलो।

**यूट्यूब बनाना पसंद?**
वीडियो शूटिंग के बाद एडिटिंग छोड़ो – अगले दिन फ्रेश दिमाग से करो।



**आज ही सोचो :** तुम्हें क्या पसंद है? वही करो! असफलता आएगी, लेकिन पैशन तुम्हें उठाएगी। तुम स्टूडेंट हो, भविष्य के सुपरस्टार हो – उठो, चुनो, चमको!

**तुम कर सकते हो! जय हिंद!**

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4*}$ में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## न्यूज डायरी

### दूसरी पार्टियों को ट्यूशन देने वाले का बिहार चुनाव में बस्ता पैक : डॉ अशोक रंगा



**रोहतक।** बिहार चुनाव परिणाम अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि अधिकतर राज्यों के चुनाव में अलग-अलग पार्टियों को मार्गदर्शन देकर सत्ता दिलाने का दम भरने वाले जन सुराज पार्टी सुप्रीमो का बस्ता पैक हो गया है, वहीं चुनाव से पहले एसआईआर के कारण वोट चोरी का आरोप लगाने वाले भी बिहार में चारों खाने चित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में ट्यूशन देने का काम करना आसान है और स्वयं की पार्टी बनाकर चुनाव लड़ना स्वयं को आईना दिखा देता है यही सुराज पार्टी सुप्रीमो के साथ हुआ है। दूसरी तरफ महागठबंधन, चुनाव से पहले मुख्यमंत्री व और उपमुख्यमंत्री कौन बनेगा, के सपने के साथ आपस में संघर्ष कर रहे थे। जनता की आवाज सुनने का प्रयास ही नहीं किया वहीं भाजपा व सहयोगी दलों ने महिलाओं व युवाओं के लिए जातीय समूह से ऊपर उठकर स्थिर नेतृत्व और सुशासन की बात की और प्रचंड बहुमत देकर अपनी सहमति प्रदान की है।




### बाल दिवस पर खो-खो टूर्नामेंट में दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए हाउस-वाइज खो-खो टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन, चुस्ती, फुर्ती और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रबंधन समिति के निदेशक सुखबीर सिंह, प्राचार्या किरन पाहवा और कोऑर्डिनेटर मंजु द्वारा खिलाड़ियों से परिचय करवाकर की गई। इसके बाद रोज, लिली, जैस्मीन और मेरीगोल्ड हाउस की टीमों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ मैदान में उतरते हुए अपना कौशल दिखाया।

### बाल दिवस पर रचनात्मकता का रंगोत्सव का आयोजन



**रोहतक।** हरकिशन मैमोरियल पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने बच्चों की रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति और कल्पनाशक्ति को नई उड़ान दी। पूरे विद्यालय परिसर में रंगों की छटा बिखर गई और वातावरण एक जीवंत कला–दीर्घा में बदल गया, जहां बच्चों की हर पेंटिंग उनकी मासूम सोच और स्वतंत्र कल्पनाओं का प्रतीक बनी। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की समन्वयक सोनिया रानी के मार्गदर्शन में किया गया। मूल्यांकन टीम में सोनिया रानी, अनीता मलिक और सुमन ने दो अलग-अलग वर्गों में शामिल प्रतिभागियों की कृतियों का सूक्ष्म और निष्पक्ष मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के दौरान अपने प्रेरक संदेश में सोनिया रानी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रचनात्मकता और कला बच्चों को अभिव्यक्ति का स्वाभाविक मंच प्रदान करती है।



### बाल दिवस पर बच्चों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

**रोहतक।** पठानिया वर्ल्ड कैंपस में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बाल दिवस का संयुक्त उत्सव अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसका मंच संचालन समायरा और श्रेयशी ने सुंदर तरीके से किया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा दो के बच्चों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका से हुई, जिसमें भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन के रोचक पहलुओं को बच्चों ने जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा चार के विद्यार्थियों ने समूह गान अच्छे बच्चे बनना हमको अच्छा लगता है प्रस्तुत कर पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

### आर्य स्कूल मदीना में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



महम। बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते आर्य स्कूल मदीना के बच्चे।

**महम।** आर्य स्कूल मदीना में बाल दिवस के अवसर पर अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि के साथ की गई। सभी विद्यार्थियों ने चाचा नेहरू को याद करते हुए उनकी स्मृति में लाल गुलाब का फूल अपनी ड्रेस की जेब पर लगाया। बच्चों ने चाचा नेहरू की जीवनी पर आधारित कविताओं और भाषणों के जरिये उन्हें याद किया। इसके बाद स्कूल के नन्हे मुन्हे विद्यार्थीयों ने सुन्दर सुन्दर झांकियां बना कर कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने बच्चों को पुरुस्कृत किया और बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई, चाकलेट आदि से सभी बच्चों का मुह मीठा करवाया।

### युवा महोत्सव में चमके एलएन हिंदू कॉलेज के विद्यार्थी



**रोहतक।** श्री एलएन हिंदू कॉलेज के विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद विवि में 11 से 13 नवंबर तक आयोजित अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का मान बढ़ाया। महोत्सव में रोहतक, सोनीपत, झज्जर और फरीदाबाद जोन के वे विजेता दल शामिल हुए, जिन्होंने जोनल स्तर पर प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया था। कॉलेज की संयोजिका डॉ. रजनी कुमारी ने बताया कि एल.एन. हिंदू कॉलेज की ओर से कुल 9 प्रतियोगिताओं में 43 विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और 6 प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल किया। कॉलेज की उपलब्धियों में प्रथम स्थान संस्कृत श्लोक उच्चारण, हरियाणवी स्किट और फोटोग्राफी में मिला। मिमिक्री में द्वितीय स्थान जबकि समूह नृत्य जनरल और वन एक्ट प्ले में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## जिलेभर के स्कूल-कॉलेजों में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# बीएमयू में बाल दिवस पर क्विज क्वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन से किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। बीएमयू में आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं के साथ विश्वविद्यालय स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर फैकल्टी ऑफ साइंस के विज्ञान संकाय (रसायन विज्ञान) ने आईक्यूएसी–बीएमयू के सहयोग से क्विज क्वेस्ट नॉलेज अनलॉक्ड पर प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और ज्ञान-विकास की भावना को बढ़ाना था।

कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन आयोजन सचिव डॉ. अंशुल सिंह ने संभाला। उन्होंने प्रतिभागियों के पंजीकरण से लेकर क्विज के तीनों राउंड, समय प्रबंधन और अंतिम परिणाम घोषणा तक सभी गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से पूर्ण कराया। बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन बच्चों की सृजनात्मकता और सीखने की प्रवृत्ति के सम्मान का प्रतीक है।प्रतियोगिता में लगभग 18 छात्रों ने भाग लिया, जिन्हें छह टीमों में विभाजित किया गया। क्विज़ में पर्यावरण विज्ञान, सामान्य विज्ञान और सामयिक घटनाओं से संबंधित प्रश्न शामिल थे। प्रत्येक टीम ने उत्साह, टीमवर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का मजबूत परिचय दिया। अंत में विजेता टीमों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. विनोद भाटिया और डॉ. सीमा ने किया। इस अवसर पर प्रो. संगीता मलिक, इंचार्ज फिजिकल साइंस क्लब, ने प्रतिभागियों के उत्साह और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ साइंसेज के डीन प्रो. मनोज वर्मा, विभागाध्यक्ष प्रो. पल्लवी भारद्वाज तथा विभाग के अन्य संकाय सदस्य प्रो. रवि राणा (कन्वीनर), डॉ. पूजा बुद्धिराजा, डॉ. परवीन यादव सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।




रोहतक। एमडीएन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

### एमडीएन विद्यालय में बाल-दिवस पर हुए कार्यक्रम

**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल में बाल-दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्यक्रमों का संचालन शिक्षकों द्वारा प्रेरणादायक और सौहार्दपूर्ण ढंग से किया गया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत मधुर समूह-गीत और मनोरंजक हास्य-नाटक ने बच्चों को खूब आनंदित किया और पूरे वातावरण में मुस्कान भर दी। विद्यालय प्रांगण में खो-खो, रस्साकशी सहित कई मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशीलता और पवित्रता समाज की अमूल्य धरोहर है तथा इन्हें शिक्षा और संस्कारों से समृद्ध करना ही विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है।

# 800 मीटर रेस में खुशबू ने हासिल किया प्रथम स्थान, लंबी कूद में अजय ने सभी को पछाड़ा

- राजकीय महाविद्यालय महम में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते प्रिंसिपल व प्राध्यापक।

राजकीय महाविद्यालय महम के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल रहे। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। वार्षिक एथलीट मीट में 800 मी ,400 मीटर , 200 मीटर रेस व हाई जंप, लॉन्ग जंप तथा शॉट पुट इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। 800 मीटर लड़कों की रेस प्रतियोगिता में प्रशांत प्रथम, अक्षय द्वितीय और अश्वनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऐसे ही 800 मीटर लड़कियों की रेस में खुशबू ने प्रथम स्थान, प्रिया ने द्वितीय और निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर लड़कों की रेस प्रतियोगिता में प्रशांत प्रथम, अक्षय द्वितीय तथा अश्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर लड़कियों की रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, खुशबू, द्वितीय प्रिया व तृतीय स्थान निधि ने प्राप्त किया। लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में लड़कियों में वंशिका प्रथम, खुशबू द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में लड़कों में अजय प्रथम ,विशाल द्वितीय और आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे परिणाम

शॉट पुट प्रतियोगिता में लड़कों में आदित्य ने प्रथम, अजय द्वितीय और वरुण नेतृत्व स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट लड़कियों की प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम ,ममता द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप में लड़कों में अश्वनी प्रथम , आर्यन द्वितीय सुधीर व प्रशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अमित पंघाल ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के विषय में बताया तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और भविष्य में भी उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे ही खेल गतिविधियों में भाग लेते रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डा. सत्यव्रत ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। श्रेष्ठ खिलाड़ी प्रशांत और खुशबू रहे।




### मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महापुरुषों का सम्मान: जवाहर सैनी

रोहतक। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महापुरुषों का सम्मान बढ़ाया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व चेयरमैन जवाहर सैनी ने सिंचाई विश्राम गृह में समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक में कहीं। भाजपा नेता रविवार 16 नवंबर रविवार को नारनौल में मनाई जा रही प्रदेश स्तरीय महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह के संदर्भ में बैठक लेने के लिए रोहतक पहुंचे थे। यह जानकारी बैठक के संयोजक महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुरेन्द्र माडू ने दी। म




### जॉन वेस्ले में बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बाल दिवस उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण, सुविचार और बाल दिवस से जुड़े प्रेरक संदेशों के साथ हुई। विद्यार्थियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, बाल अधिकारों और बच्चों की महत्ता पर रोचक व ज्ञानवर्धक विचार प्रस्तुत किए। कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों ने सोलो डांस प्रतियोगिता, गायन, कविता वाचन, भाषण सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति दी।



### विद्यार्थियों ने बाल दिवस पर दिखाया हुनर

**महम।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में बाल दिवस के मौके पर बच्चों ने अपना हुनर दिखाया। प्रिंसिपल मंजू लता ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने एक अनोखी और रोचक गतिविधि "आदर्श मॉक मार्केट" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को खरीद-बिक्री, गणना और रोजमर्रा के जीवन में गणित का अनुभवजन्य ज्ञान प्रदान करना था। कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने इस मॉक मार्केट में कुछ दुकानें लगाईं।



### आईबी स्कूल में स्पोर्ट्स कार्निवल 16 से 18 तक

**रोहतक।** आईबी स्कूल में 16 से 18 नवंबर तक आयोजित होने जा रहे स्पोर्ट्स कार्निवल की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पूरे स्कूल परिसर में उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का अनोखा मिश्रण देखने को मिल रहा है। बच्चे आगामी खेल मुकाबलों की तैयारी में जुटे हुए हैं और वुडलैंड एरीना में रोजाना अभ्यास सत्र जोर-शोर से चल रहे हैं।

मार्केट न्यूज

### पीपी ज्वेलर्स का ग्राहकों को विवाह शादी के अवसर पर खरीदारी के साथ विशेष उपहार



**रोहतक।** शादी-ब्याह का सीज़न शुरू होते ही रोहतक पी पी ज्वेलर्स में ग्राहकों को नए डिज़ाइनों और खास ऑफर्स की वजह से लोग सोने-चाँदी के गहनों की खरीदारी के लिए उत्साहित हैं। क्योंकि ज्वेलर्स पर सबसे कम मेकिंग चार्जेस की सुविधा दी जा रही है और 1 लाख की डायमंड ज्वेलरी खरीदने पर ग्राहकों को 1 सोने का सिक्का बिल्कुल मुफ़्त मिल रहा है। यहाँ पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिज़ाइनों तक की खूबसूरत रेंज उपलब्ध है, जो हर उम्र के ग्राहकों को पसंद आ रही है। शादी की तैयारियों में जुटे परिवार खास तौर पर ब्राइडल ज्वेलरी सेट्स, डायमंड कलेक्शन, और दैनिक उपयोग के हल्के गहनों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। पीपी ज्वेलर्स के रेलवे रोड पर स्थित है जहां पर सभी प्रकार के ग्राहक शुद्धता विश्वसनीयता के साथ जुड़े हुए विवाह शादी के अवसर पर लोग हर प्रकार की डिजाइनों को देखते हैं और पसंद करते हैं जो कि यहां उपलब्ध है।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्नबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फेंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एचडी स्कूल खेड़ी में बच्चों ने बाल दिवस पर बिखेरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा

# नृत्य में नन्हे-मुन्नों ने शानदार प्रस्तुति से किया अचंभित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम




**महम।** बाल दिवस कार्यक्रम में भाग लेने वाले एचडी स्कूल खेड़ी महम के बच्चे अपने गुरुजनों के संग। फोटो : हरिभूमि

एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में बाल-दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि इस दिन बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के क्रिया कलाप आयोजित किए गए। कक्षा पहली से पांचवी के बच्चों के लिए विशेष बाल- सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने चुटकुले, कविता, डांस, सॉन्ग इत्यादि के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। कक्षा नर्सरी से फर्स्ट के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर व थ्रू द बॉल एक्टिविटी आयोजित की गई। नर्सरी व केजी कक्षा के बच्चों के लिए विशेष फूड स्टाल भी लगाए गए। कार्यक्रम में सीनियर लड़कों के लिए क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। जो बड़े ही मैत्री पूर्ण माहौल में खेला गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता व उपप्राचार्या इंदु नहरा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे ही वह मिट्टी हैं जिससे भविष्य की इमारत तैयार होती है। इसलिए हमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्वतंत्र सोचने और देखने की आजादी देनी चाहिए, ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा व स्कूल सचिव संजीव छिल्लर ने सभी को बाल- दिवस की शुभकामनाएं दी। कहा कि यह दिन बच्चों को अपने अधिकार और शिक्षा के प्रति जागरूकता का अहसास भी कराता है। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य व विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे।




**रोहतक।** केवीएम स्कूल में बाल दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### केवीएम स्कूल में रही बाल की दिवस धूम

**रोहतक।** केवीएम स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसमें छात्रों ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण और कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे उन्हें उनके जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति प्रेम के बारे में जानने का अवसर मिला। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने रंग-बिरंगी व आकर्षक पोशाकों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

# कूड़ा कलेक्शन वाहनों की नई श्रृंखला को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# 5 साल तक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का 85.90 करोड़ रुपये में दिया टेंडर

सभी घरों पर आरएफआईडी टैग लगाए जा रहे, स्कैन करके ही उठाया जाएगा कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, विशेष स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक व संयुक्त आयुक्त मंजीत। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम ने घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य ई-निविदा के माध्यम से लगभग 85.90 करोड़ रुपये की लागत से साईनाथ सेल्स एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया है। इस कार्य की समयावधि पांच वर्ष तय की गई है। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत, आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों की नई श्रृंखला को शुक्रवार नई इंडस्ट्रियल एरिया, हिसार रोड, वार्ड नंबर 1, कुताना स्थित सीईपीटी प्लांट और गद्दीखेड़ी रोड के पास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हालांकि सफाई कार्य कई दिन पहले ही शुरू कर दिया गया था।

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, अशोक कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुमार और शंकर गर्ग, विशेष स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक, संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह तथा कूड़ा उठान एजेंसी की ओर से आदित्य सहित नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार, सचिन और कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़ मौजूद रहे। कार्यक्रम से पूर्व विधिवत नारियल तोड़कर शुभारंभ किया गया।

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर रोहतक का निर्माण सभी का सामूहिक लक्ष्य है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को सुदृढ़ किए जाने से न केवल सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी, बल्कि कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को भी नई दिशा मिलेगी। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देकर इस अभियान को सफल बनाएं। सभी डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे दैनिक रूट कवरेज, समयबद्धता और संचालन की निगरानी रियल-टाइम में होगी। इससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। निगम क्षेत्र में निर्धारित रूट प्लान के अनुसार प्रतिदिन घर-घर कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित किया जाएगा और गीले व सूखे कचरे के अलग-अलग संग्रहण पर विशेष जोर दिया जाएगा। निगम अधिकारियों द्वारा इस कार्य की नियमित जांच की जाएगी ताकि किसी भी घर से कूड़ा उठान में देरी न हो। घर-घर से कूड़ा लेने वाली एजेंसी द्वारा सभी घरों पर आरएफआईडी टैग लगाए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर, दुकान या संस्थान पर टैग अवश्य लगवाएं और उसे खराब न करें, क्योंकि टैग स्कैन करने के बाद ही कूड़ा एकत्र किया जाएगा। इससे कलेक्शन प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी नागरिक को कचरा देने में समस्या नहीं आएगी।

## कूड़ा न उठे तो इन नंबरों पर करें शिकायत

निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि यदि किसी भी घर से कूड़ा नहीं उठाया गया हो तो संबंधित व्यक्ति एजेन्सी के शिकायत नंबरों **7303050200 और 7303050800** पर संपर्क कर सकते हैं। नगर निगम शिकायत का समाधान तुरंत करवाएगा। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि डस्टबिन न होने पर कचरा इधर-उधर फैलता है, इसलिए डस्टबिन रखना आवश्यक है। बाहर कचरा डालने वालों पर नगर निगम अब सख्त कार्रवाई करेगा।

## 35 सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में सफाई कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 35 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। मेयर ने उन्हें प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि सफाई टीम ही स्वच्छ शहर निर्माण की रीढ़ है। कर्मचारियों को सम्मान मिलने से उनका उत्साह बढ़ेगा और वे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## इंडस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस मनाया

# पं. नेहरू के जीवन से प्रेरणा लें बच्चे : वशिष्ठ


इंडस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर मौजूद बच्चे व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में बड़े उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा प्रातः कालीन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र के साथ सभा प्रारम्भ हुई जिसमें शिक्षकों ने आज का विचार, कविता, भाषण, नृत्य व देश भक्ति गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी। मंच संचालन का कार्य अंग्रेजी अध्यापिका सरिता ने किया। अध्यापिका रीटा व सुनीता ने आज का शब्द व विचार प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में गणित अध्यापक राजेश कुमार ने 'मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो' गीत के मधुर गायन द्वारा विद्यार्थियों को आपसी सद्भावना व प्रेम का संदेश दिया। हिन्दी विभागाध्यक्ष कांता रानी ने 'बचपन होता है अनमोल' शीर्षक पर कविता सुनाकर खुब तालियां बटोरी।

### बच्चे देश का भविष्य

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में बच्चों को बाल दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चे ही राष्ट्र का असली भविष्य होते हैं। हर बच्चा विशेष है और उनमें असीमित क्षमताएं हैं।

एकेडमिक कॉर्डिनेटर जसवन्ति सिंधु ने अपने भाषण में नेहरू जी के जीवन और बालदिवस के महत्व को बताया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ के साथ अध्यापकों व छात्रों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेहरू जी के संदेश को बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू जो कि एक शाही परिवार से ताल्लुक रखते थे। परन्तु देश की आजादी के लिए उन्होंने अपना सब कुछ त्याग दिया और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा हमें उनके जीवन से अवश्य ही प्रेरणा लेनी चाहिए।

## खबर संक्षेप




### सैनी कॉलेज के बॉक्सरों ने चमकाया नाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा 10 नवंबर से 13 नवंबर 2025 तक आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सैनी सह-शिक्षा कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी साहिल ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीए प्रथम वर्ष के ही विजित ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा बीए द्वितीय वर्ष के अमन ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर कॉलेज के लिए गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. भीमसिंह पवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धियां न केवल कॉलेज प्रशासन बल्कि समस्त विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक जीतने में कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर नवीन सैनी का मार्गदर्शन और परिश्रम भी महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या डॉ. सरिता यादव, प्रो. सुनीता सैनी, कविता, आशा, निशा, पिंकी, दीपिका, नीलम कुमारी, गीतिका, टीना, नीतू, सीमा, साक्षी, कमलेश सहित सभी शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### वैश्य कॉलेज में मनाई वंदे मातरम की वर्षगांठ

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. तरूणा मल्होत्रा की अध्यक्षता में और मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम आईक्यूएसी के अंतर्गत सांस्कृतिक कमेटी की संयोजक डॉ. ज्योति आहूजा एवं सदस्यों डॉ. कमलेश, डॉ. सुदेश गुप्ता, डॉ. पूजा और डॉ. राखी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के सामूहिक गायन से की गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण और नारे प्रस्तुत कर वंदे मातरम के इतिहास, महत्व और इसके राष्ट्रीय गौरव पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. तरूणा मल्होत्रा ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है, जिसने अनेक वीरों को संघर्ष और बलिदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. मधु साहनी, डॉ. निधि कक्कड़, प्रीति, मीनू गुप्ता, डॉ. अंजू सचदेवा, डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. इंदु, डॉ. सुनीता, डॉ. दिनेश, डॉ. मोनिका सहित गैर-शैक्षणिक स्टाफ मनजीत, राहुल, सीमा, पूजा, परीक्षा, मेघा, कंचन, नीतू, देविंदर आदि उपस्थित रहे। बीएड, डीएलएड और एमएड के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### सीजेएम ने किया अर्पण संस्थान का दौरा

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉक्टर तरन्नुम खान ने अर्पण संस्थान का दौरा किया। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की तथा संस्थान में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों ने नृत्य, एकल, स्पून लेमन रेस, चेयर गेम आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने अर्पण संस्थान की प्राचार्या नीलम व स्टाफ सदस्यों से बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।



### पोस्टर मेकिंग में रौनक प्रथम व नेहा द्वितीय

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान एवं भूगोल विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान रौनक, लक्षद्वीप एवं नेहा, द्वितीय स्थान आरती एवं पायल, ईशा तृतीय स्थान काजल एवं पूजा, नेहा सांत्वना प्रमाणपत्र दीपांशु रही। प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने कहा कि वैश्य महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार एवं व्यक्तित्व-विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में प्रो. (डॉ.) संजय गुप्ता, डॉ. मोनिका गुप्ता ने भी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और उन्हें भविष्य में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन के समन्वयक डॉ. हिमांशु (वनस्पति विभाग) एवं डॉ. विनीत बाला (भूगोल विभाग) ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. मधु और सोनल गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

## पंचतीर्थी स्कूल में बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिता करवाई

**रोहतक।** पंचतीर्थी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य विनय बत्रा द्वारा बाल दिवस के महत्व पर प्रेरणादायक सम्बोधन से हुई। उसके पश्चात विधार्थियों ने दौड़ प्रतियोगिता ,रस्साकस्सी ,वॉलीबॉल, जैवलिन थ्रो आदि खेलों से अपनी-अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंतर्राष्ट्रीय एथलीट गुलशन शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनके उत्साह को बढ़ाया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संस्था अध्यक्ष बच्चन राम अरोड़ा ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।





# ओलंपियन अनु रोहतक के साहिल संग लेंगी सात फेरे

■ अर्जुन अवॉर्डी व दो बार की ओलंपियन अनु खेलती है भाला फेंक, ओलंपियन राहुल पैदल चाल के हैं खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय खेल जगत के लिए यह माह उत्साह और शुभ समाचारों से भर गया है। देश के दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व ओलंपियन राहुल रोहिल्ला बहादुरगढ़ (पैदल चाल, टोक्यो ओलंपिक) और अर्जुन अवॉर्डी व दो बार की ओलंपियन अनु रानी (भाला फेंक, मेरठ) अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। अर्जुन अवॉर्डी और दो बार की ओलंपियन अनु रानी तथा टोक्यो ओलंपियन राहुल रोहिल्ला ने अपने प्रदर्शन से देश का सम्मान बढ़ाया है।

खेलप्रेरक राजनारायण पंघाल ने बताया कि भारत की सबसे सफल महिला भाला फेंक खिलाड़ी, दो बार की ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अनु रानी अब हरियाणा



की बहू बनेंगी। वह रोहतक के साहिल भारद्वाज के साथ विवाह करेंगी। शादी मेरठ (उत्तर प्रदेश) में सम्पन्न होगी जबकि 19 नवम्बर को रोहतक में भव्य रिसेप्शन का आयोजन रखा गया है। अनु रानी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला हैं और भारत की जेवलिन थ्रो में सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक रही हैं। रोहतक में होने वाले समारोह में कई वीआईपी, ओलंपिक खिलाड़ी, राष्ट्रीय कोच और खेल जगत की चर्चित हस्तियां भाग लेंगी। वहीं, टोक्यो ओलंपिक 2020 में पैदल चाल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हरियाणा के ओलंपियन राहुल रोहिल्ला 30 नवम्बर को गांव बामला (जिला भिवानी) की अनु रोहिल्ला के साथ सात फेरे लेंगे।

# बोहर में कल होगा विशेष राष्ट्र कल्याण यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्य समाज बोहर में 11 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कृष्णदेव शास्त्री ने बताया कि आर्य समाज बोहर द्वारा रविवार को बड़ा राष्ट्र कल्याण यज्ञ आयोजित किया जाएगा। यह यज्ञ लाला लाजपत राय बलिदान दिवस तथा आचार्य ज्ञानेश्वर जी की पुण्य स्मृति को समर्पित होगा। इस विशेष अवसर पर आर्य समाज के अनेक प्रतिष्ठित विद्वान और सन्यासी एकत्रित होकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लेंगे। शास्त्री ने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में समाज में भाषावाद, जातिवाद, प्रांतवाद, नशे, पाखंड और



अंधविश्वास जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ रही हैं, जिन्हें रोकना समाज का कर्तव्य है। आज के यज्ञ और बैठक में आर्य समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें प्रधान धनीराम आर्य, मनजीत नांदल, मनदीप आर्य, अरुण आर्य, वीर कर्मवीर नांदल, मास्टर रोहतास राणा, रामवीर शास्त्री और अश्वनी नांदल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## उज्ज्वला योजना के तहत देंगे गैस कनेक्शन

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देशभर में 25 लाख एलपीजी घरेलू कनेक्शन जारी किए जाएंगे। यह गैस कनैक्शन ऐसे गरीब परिवारों की महिलाओं के नाम जारी किए जाएंगे जिन परिवारों की मासिक आय 10 हजार रुपये से ज्यादा न हो तथा परिवार के किसी सदस्य के नाम घरेलू गैस कनैक्शन जारी न किया गया हो।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए एसपी ने सीआईए-1 को किया सम्मानित

■ दो मुठभेड़ों में 8 आरोपियों को दबोचने पर 11 पुलिसकर्मियों को मिला प्रशंसा-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने पर सीआईए-1 स्टाफ के प्रभारी सहित कुल 11 पुलिस जवानों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। इन अधिकारियों ने हाल ही में दो अलग-अलग मुठभेड़ों के दौरान कुल 8 शातिर आरोपियों को दबोचकर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की थी।

सम्मान पाने वालों में निरीक्षक कुलदीप सिंह, सउपनि विनोद, सउपनि अमित, सउपनि अजय, सउपनि रविन्द्र, मुख्य सिपाही योगेन्द्र, सिपाही प्रदीप, चालक मनोज तथा एनएच-3 पर तैनात उपनि निरंजन और सिपाही मंजीत शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 अक्टूबर को सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जसिया-धामड़ रोड के पास गाड़ी में सवार 5 युवकों को मुठभेड़ के दौरान काबू किया था। जांच में सामने आया कि पकड़े गए युवकों में से 3 आरोपी पूर्व में विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं, जिनसे अवैध हथियार और आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई थी।

### बलियाणा डबल मर्डर के 3 आरोपी गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि 14 नवंबर को सीआईए-1 टीम ने बलियाणा में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर केस में फरार चल रहे मुख्य आरोपी संजय सहित तीन युवकों को आईएमटी एरिया से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। संजय पर पुलिस टीम पर फायरिंग करने के आरोप हैं, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं और आरोपी घायल अवस्था में काबू कर लिए गए। इसके अलावा, एनएच-3 पर तैनात उप.नि. निरंजन और सिपाही मंजीत ने नियमित पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्ध वाहन की जांच की। तलाशी में युवकों के पास अवैध हथियार मिला, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सम्मान समारोह के दौरान एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने कहा कि पुलिस अधिकारियों और जवानों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और बहादुरी के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

# अलीजेह जाखड़ का 'आनन्दमय' मिशन : महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विदेशों में योग, ध्यान और वेलनेस के क्षेत्र में अनुभव अर्जित करने के बाद अलीज़ेह जाखड़ आज भारत में सामाजिक परिवर्तन की एक नई पहल का नेतृत्व कर रही हैं। आनन्दमय नामक यह अभियान महिलाओं को स्वावलंबन की राह दिखाने, किसानों को सम्मान दिलाने और ग्रामीण जीवन को अधिक स्वस्थ व समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। आचार्य नवीन और अलीजेह जाखड़ द्वारा स्थापित आनन्दमय वैदिक योगशाला प्राइवेट लिमिटेड का मुख्यालय रोहतक में है, जबकि इसका प्रमुख कार्यक्षेत्र झज्जर जिले के अखेड़ी मदनपुर गांव में स्थित है। जाखड़ का कहना है कि देश की महिलाओं में अपार क्षमता है और आनन्दमय का उद्देश्य है कि हर महिला अपने कौशल पर गर्व करे और अपनी पहचान स्वयं बनाए। संस्था के माध्यम से प्राकृतिक और



आयुर्वेदिक उत्पादों, देसी गाय का बिलौना घी, शहद, कोल्ड-प्रेस्ड तेल, वैदिक अनाज आदि का उत्पादन कराया जा रहा है। इन उत्पादों को तैयार करने वाली ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच उपलब्ध करवाई जा रही है। अलीजेह जाखड़ का यह प्रयास केवल व्यापारिक पहल नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जो हजारों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मविश्वास और सम्मानजनक पहचान प्रदान कर रहा है।

## ऊर्जा थीम के तहत डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक दिवस

# भजनों से दिया स्वामी दयानंद के मार्ग पर चलने का संदेश

मोबाइल की अनावश्यक आदत छोड़कर ही बच्चों को सही दिशा मिल सकती है : प्रधानाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड में 14 नवंबर को वार्षिक दिवस समारोह बड़े ही उल्लास और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। ऊर्जा थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला और सृजनशीलता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य शंकर लाल और अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वागत गीत मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रमों में छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत इट्स टाइम टू डिस्को और दिल है छोटा सा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।

दूसरी कक्षा के छात्रों ने प्रेरित भजन के माध्यम से स्वामी दयानंद जी के विचारों पर चलने का संदेश दिया। पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने


डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते प्रधानाचार्य। फोटो : हरिभूमि

मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों को नृत्य के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं दूसरी कक्षा के बच्चों ने पारिवारिक नृत्य के जरिये परिवार में प्रेम, सहयोग और समन्वय का संदेश दिया। समारोह में शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य शंकर लाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल की अनावश्यक आदत छोड़कर और स्वयं अनुशासित बनकर ही हम अपने बच्चों को सही दिशा दिखा सकते हैं। कार्यक्रम का समापन डीएवी गान के साथ हुआ। पूरे समारोह ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को एक मंच पर एकजुट होकर विद्यालय की उपलब्धियों का जश्न मनाने का शानदार अवसर प्रदान किया।